उल्टा पुल्टा

रोजी अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई।
दूसरे दिन...
रोजी- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड - चल पगली, कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा, मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं।

# शहर में जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता

## दस दिनों तक गणेशोत्सव की रहेगी धूम

### आकर्षक पंडालों से सजा शहर

**बिलासपुर** , 19 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में गणेश उत्सव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। घरों व सार्वजनिक पंडालों में आज विघ्नहर्ता की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। दस दिनी उत्सव के लिए तैयारियां पूरी हो गई है। इस बार भी अलग-अलग थीम पर मूर्तियां सजावट आकर्षण का केंद्र रहेंगे। व्यापार विहार में सबसे 17 फीट उंची प्रतिमा स्थापित होगी।

टिकरापारा में पंडाल की सजावट केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर की गई है। गणेश चतुर्थी के दिन से गणों के अधिपति श्री गणेशजी की घरों-घर पूजा हो रही है। शहर के पण्डालों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गणेशजी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। शहर की सैकड़ों समितियों की ओर से आकर्षक साज-सज्जा कर जोरदार तैयारियां की गई। है। चतुर्थी तिथि दो दिन होने से कई जगहों पर सोमवार को भी गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। हरदेव लाल मंदिर में नव युवक गणेश उत्सव समिति के द्वारा वृंदावन में रास करते राधा-कृष्ण की तर्ज पर मूर्ति स्थापित हो रही है। अष्टसखियों के साथ रास करती आकर्षक प्रतिमा रहेगी।





वहीं तोरवा सिंधी कॉलोनी में धूप से बनी 7 फीट की गणेश प्रतिमा विराजेगी। वहीं टिकरापारा मन्नू चौक में पंडाल को केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है। कुदुदंड में भी पुराने महल के रूप में भव्य पंडाल सजाया गया है। व्यापार विहार में 2 लाख की मूर्ति व्यापार विहार में इस साल 17 गणेशजी की प्रतिमा स्थापित हो रही है। सिंहासन में विराजे गणेशजी पगड़ी व मुकुट धारण किए दिखेंगे। यह प्रतिमा मां दक्षिणेश्वरी शिल्पालय पुराना लॉ कॉलेज मिशन अस्पताल रोड में तैयार की गई है। मूर्तिकार रामप्रसाद पाल व शीतल पाल ने इस विशाल मूर्ति को आकार दिया है। 17 फीट ऊंची के सजावट सहित तैयार करने में लगभग 2 लाख खर्च आया है।

## संपादकीय

### लड़कियां-महिलाएं चुप न रहें

*महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और कई किस्म के अपराध देश भर में होते हैं- कहीं कम कहीं ज्यादा। वैसे कुछ राज्य इस प्रवृत्ति से मुक्त भी हैं लेकिन ऐसे राज्यों व इलाकों की संख्या कम ही है। छत्तीसगढ़ भी इससे ग्रस्त है। यहां भी महिलाओं के साथ कई तरह के अपराध होते हैं, जिनमें छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार और हत्याएं सब कुछ शामिल है। अक्सर छेड़छाड़ होने पर या ऐसे विवादों पर पीड़ित पक्ष की ओर से चुप्पी साध ली जाती है। पुरुष प्रधान समाज मानता है कि इससे लड़की या महिला की बदनामी होगी। इसलिये मामलों को रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाता है। यही चुप्पी असामाजिक व आपराधिक तत्वों की हौसला अफ़ज़ाई के लिये काफी होती है जिसके बाद वे दूसरे शिकार की तलाश में जुटते हैं।*

*एक तरह से मान लिया गया है कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ बहुत आम बात है और उसे बहुत गम्भीरता से नहीं लिया जाना चाहिये। सड़क चलती महिला या बच्ची हो, कामकाजी औरत, गृहिणी अथवा कोई स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा हो- किसी के भी साथ यह सकता है। दुर्भाग्यजनक तो यह है कि ऐसा कोई अपराध होने पर पीड़िता को ही कहा जाता है कि वह इसकी ओर ध्यान न दे। अगर बच्ची छात्रा है तो कहा जाता है कि वह दूसरे रास्ते से आया-जाया करे या फिर पढ़ाई पर ध्यान दे। कार्यस्थल पर ऐसा होने पर कह दिया जाता है कि शिकायत करने से उसका ही नुकसान होगा इसलिये बेहतर है कि सिर झुकाकर काम करे। अगर अपराधी मालिक या वरिष्ठ हो तो उसके लिये काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उसे अपमानित होते हुए काम करना पड़ता है। दिक्कत यह भी है कि छेड़छाड़ से बलात्कार तक के अपराध करने वाले अक्सर नज़दीकी लोग होते हैं- रिश्तेदारों से लेकर मित्र या शिक्षक कोई भी।*

*छात्राएं, खासकर स्कूलों में पढ़ने वाली और वह भी निचली कक्षाओं की लड़कियां अक्सर शिक्षकों, स्टाफ या उन्हें लाने ले जाने वाले वाहनों के ड्राइवरों या सहायकों का शिकार बनती हैं। एक तो उन्हें यह पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हो रहा है। अगर वे जान भी जाएं तो शिकायत करने की उनकी हिम्मत नहीं पड़ती। ऐसी परिस्थितियों का कैसे मुकाबला किया जाये, इसका प्रशंसनीय उदाहरण गरियाबंद जिले में देखने को मिला है। पहले छुरा और गरियाबंद की स्कूली छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों के खिलाफ शिकायत करने के बाद अब देवभोग ब्लॉक के बाड़ी गांव की बच्चियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत की है कि उनके प्राचार्य छेड़खानी करते हैं अतः उनके खिलाफ कार्रवाई हो। आशा है कि अन्य महिलाएं एवं छात्राएं इनसे सीख लेकर उनके साथ होने वाली ज्यादतियों एवं अपराधों के खिलाफ आवाज़ उठाएंगी तभी समाज से इस प्रवृत्ति का उन्मूलन होगा।*

## सार-संक्षेप



### ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 185 वाहन चालकों पर कार्रवाई

बिलासपुर , 19 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु.से.) के निर्देश पर कल रात्रि में जिले के सभी थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा सरप्राइज चेकिंग किया गया एवं देर रात तक शहर में भ्रमण कर कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते रहे । सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया । इस दौरान नशे के हालत में वाहन चालने वालो 32 वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ,वही यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाते पाए गए 185 अन्य वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 6800 रुपए जुर्माना वसूला गया ।कार्यवाही दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल (भा.पु.से) उप पुलिस अक्षीक्षक (यातायात) संजय साहू सहित जिले के समस्त थानो के थाना प्रभारी एवम पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी विधानसभा चूनाव को ध्यान में रखते हुये बिलासपुर पुलिस का सरप्राईज चंकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मरघट के पास मिली महिला की लाश



**बिलासपुर** , 19 सितंबर (देशबन्धु)। रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जाली मरघट के पास एक महिला की लाश मिली है। पुलिस मौत के कारणों का पतासाजी कर रही है। रतनपुर पुलिस ने बताया कि आज एक अज्ञात महिला का शव ग्राम जाली मरघट के पास मिलने की सूचना पर हमराह स्टाफ ग्राम जाली जाकर निरीक्षण किया। महिला के शव से एक मोबाइल नंबर मिला जिस पर पता करने से उक्त महिला का नाम शिव कुमारी मरार पति महेत्तर मरार उम्र करीबन 45 वर्ष ग्राम भादा कछार थाना पाली का पता चला जो दिनांक 11.09.23 को अपने घर में बिना बताए कहीं चली गई थी । परिजनों द्वारा थाना पाली में गुम इंसान कायम कराया गया था । मामले में मर्ग इंटीमेशन लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

### गणेश चतुर्थी पर पीएनबी की सौगात



**बिलासपुर** , 19 सितंबर (देशबन्धु)। बड़े देश का बड़ा बैंक, पंजाब नैशनल बैंक ने नियमित वेतनभोगी सम्मानित खातेदारों के लिए 50 लाख तक के निःशुल्क बीमा सहित क्रेडिट कार्ड, प्री एप्रूव्ड पर्सनल लोन, कार लोन, हाउसिंग लोन की प्रोसेसिंग फीस 100प्रतिशत तक, लॉकर किराए में 50प्रतिशत तक छूट के साथ डेबिट कार्ड पर 10 लाख तक अतिरिक्त बीमा, एयरपोर्ट पर फ्री लाउंज, फ्री एनईएफटी/ड्राफ्ट सहित अनेकों सुविधाएं उपलब्ध कराए जा रहे है। पीएनबी की बुधवारी शाखा के मुख्य प्रबंधक आशीष कुमार सिन्हा, कस्टमर एक्यूजेशन सेल के वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल, शरद यादव व धीरज कुमार ने आम जनता व बड़े कारपोरेट को अपने कर्मचारियों हेतु पीएनबी के विशेष सैलेरी खाते शीघ्र खुलवाने का निवेदन किया हैं। बड़े समूहों की सुविधा हेतु उनके आवास, कार्यालय या फैक्टरियो में पहुँच कर खाता खोलने की सुविधा शुरू की गई हैं।

## तीज पर सुहागिनो ने किया जागरण

### देवरीखुर्द की महिलाव के द्वारा तीज पर्व बहुत ही उल्लास से मनाया गया

बिलासपुर , 19 सितंबर (देशबन्धु)। तीज का पौराणिक मान्यता है कि इस दिन माता पार्वती ने अपने स्वामी देवाधिदेव महादेव को पाने के कठोर तपस्या और उपवास किया था। इस तपस्या से महादेव प्रसन्न हुए और 108 जन्मों के लंबे इंतजार के बाद माता पार्वती को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था। तभी से इस दिन को सुहागन महिलाओं के लिए सौभाग्य का दिन माना जाता है। ऐसी दृढ़ पौराणिक मान्यता है कि इस दिन सुहागन स्त्रियां, देवी पार्वती और भगवान शिव से जो भी मांगती है उन्हे उमा-महेश निराश नही करते। आज देवरीखुर्द की महिलाव द्वारा निर्जला उपवास रखकर मनाया गया जिनमे शामिल थी संतोषी भोई लल्ली वस्त्रकार लता रत्नाकर रंजना प्रजापति रजनी प्रजापति मानकी साहू कविता मेहरा दुर्गा साहू संतोषी साहू भगवती साहू पूजा मानिकपुरी मनी पटेल दुर्गा रत्ना चक्रवर्ती पूजा वस्त्रकार , संगीता ठाकुर दीप्ती पटेल, रतनी, कृष्णा साहू राजकुमारी साहू ,फूल बाई साहू अघनिया साहू शैल साहू पूर्णिमा साहू रीता तिवारी लक्ष्मीन साहू कुशिला इंद्राणी ठाकुर छोटे नोनी प्रिया साहू दिव्या पटेल अंजू मंजू निशा प्रिया तिवारी, छोटी तिवारी,रुक्मणि मानिकपुरी, पूजा मानिकपुरी, बिना ठाकुर,गिरजा निर्मलकर, कीर्ति साहू, ज्योति साहू एवम अन्य महिलाए भी उपस्थित थी।





## नहर के पास जुआ खेलते 8 पकड़ाए

**बिलासपुर** , 19 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अवैध रूप से चल रहे जुआ सट्टा पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये है । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राहुलदेव शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) डेरहा राम टंडन के निर्देशन पर चौकी मल्हार पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर मल्हार नहर के पास से रुपए पैसे की दाव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे 8 सूरज केवट पिता रामप्रसाद उम्र 20 साल नि. मल्हार, अनिल कुमार पिता लखन लाल मैत्री, उम्र 24 साल निवासी अकोला,धरमजीत निषाद पिता सुधराम निषाद उम्र 24 निवासी जैतपुर,छोटू केवट पिता बद्री उम्र 19 साल निवासी, मल्हार,सनातन थवाईत पिता केसो प्रसाद थवाईत उम्र 35 निवासी मल्हार,भारत केवट पिता सावंत केवट उम्र 50 निवासी मल्हार, शिव कुमार केवट पिता जुगत केवट उम्र 35 साल निवासी मल्हार, राजकुमार केवट पिता जुगत केवट उम्र 35 साल निवासी मल्हार आरोपियों को पकड़ा गया। जिनके पास और फड़ से 10660 रुपए और 52 पत्ती ताश, प्लास्टिक बोरी बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट धारा 03 की कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

## 380 सीसीटीवी कैमरे की मदद से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 14 स्टेशनों में सुरक्षा की निगरानी

**बिलासपुर** , 19 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के अंतर्गत सैकड़ों स्टेशनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री एक स्थान से दूसरे स्थानों के लिए यात्रा करते है । प्रतिदिन यात्री रेल के द्वारा सफ़र करने के लिए स्टेशनों में पहुचते हैं और उनके सामान एवं बच्चों सहित सभी यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था को बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो के ऊपर रहती है, जिसके लिए वे चौबीसों घंटों निगरानी में तैनात रहते है । इस काम को सुचारू रूप से करने के लिए रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो द्वारा स्टेशनों के चप्पे चप्पे पर अपने जवानो को तैनात किये जाते है एवं इसके साथ ही स्टेशनों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के द्वारा भी स्टेशनों पर एक-एक गतिविधियों पर नज़र रखी जाती है ।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के रेल सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों की शत-प्रतिशत सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 14 महत्वपूर्ण स्टेशनों में 380 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है, जिनकी मदद से स्टेशनों के प्लेटफार्मों एवं पूरे स्टेशन परिसरों पर नज़र रखी जाती है ।सीसीटीवी कैमरे की मानीटरिंग में किसी भी प्रकार के संदेहास्पद व्यक्ति या घटना के सामने आते ही तुरंत ही उस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाती है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सुरक्षा के लिए 380 सीसीटीवी कैमरा विभिन्न 14 स्टेशनों में लगाये गए है जिनका मंडल एवं स्टेशनवार विवरण इस प्रकार है। बिलासपुर मंडल के रायगढ़ में 9, चाम्पा में 8, बिलासपुर में 85, शहडोल स्टेशन में - 8 कोरबा स्टेशन में 8 एवं उसलापुर स्टेशन में 2 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है । इसी प्रकार रायपुर मंडल के रायपुर स्टेशन में -55 कैमरे, दुर्ग स्टेशन में - 25 कैमरे, भिलाई पॉवर हाउस स्टेशन में 40, भाटापारा स्टेशन में 39 एवं तिल्दा नेवरा स्टेशन में 24 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है । तथा नागपुर मंडल के गोंदिया में 57, बालाघाट स्टेशन में 12 एवं छिंदवाडा में 8 सीसीटीवी कैमरा लगाये गए है । इस प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर,रायपुर एवं नागपुर मंडल के 14 स्टेशनों में कुल 380 सीसीटीवी कैमरा लगाये गए है ।

## छत्तीसगढ़ में भी फ्री होगी बिजली मुफ्त होगा इलाज केजरीवाल की गारंटी के साथ-उज्वला

### आप का बुधवारी बाजार में जनसंपर्क

**बिलासपुर** , 19 सितंबर (देशबन्धु)। डॉ. उज्वला ने घोषणा पत्र के बारे जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार आती है तो सर्व प्रथम हम 300 यूनिट बिजली मुफ्त, 24 घंटे बिजली की गांरटी व घरेलु बकाया बिल माफ किया जायेगा। इसके साथ ही हर बच्चे को अच्छी और फ्री शिक्षा दी जायेगी। दिल्ली की तर्ज पर हर गांव और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जायेगा और सरकारी अस्पतालों को प्राईवेट अस्पतालों को दर्ज पर सर्व सुविधायुक्त बनाया जायेगा इसके साथ ही इन अस्पतालों में दवाईयां, टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त में किया जायेगा। डॉ. उज्वला ने बताया है सरकारी विभाग में अपना काम कराने के लिए आम आदमी को कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस लिए हमारे घोषणा पत्र में यह भी शामिल है कि एक फोन करने पर सरकारी कर्मचारी आपके घर आयेंगे और काम करेंगे। इससे यह भी होगा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सकेगी। पुलिस व छत्तीसगढ़ सेना के शहीद होने वाले जवानों के परिवार को 1 करोड़ की सम्मान राशि दी जायेगी। दिल्ली सरकार द्वारा यह राशि दी जा रही है। इसके साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1000 हजार रूपये महिने दिये जायेंगे 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जायेगी साथ ही बेरोजगारी भत्ता 3000 रूपये महिना दिया जायेगा। इसके साथ ही आर्थिक तंगी के कारण कई बुद्ध तीर्थ यात्रा करने से वंचित रह जाते है तो हमारी सरकार के द्वारा उनकी पसंद के तीर्थ स्थान पर फ्री में यात्रा कराई जायेगी। आगे डॉ. उज्वला ने बताया कि इस समय हर प्रदेश में शासकीय पदों पर भर्ती कम की जा रही है वही उनकी जगह ठेका व संविदा प्रथा को बढ़ा दिया जा रहा है। जिसके कारण बेरोजगार युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। हमारी सरकार आती है तो सर्व प्रथम ठेका प्रथा को समाप्त कर नियमित भर्ती की जायेगी। बिलासपुर आम आदमी पार्टी की मंशा राजनीति करने की नहीं है आप पार्टी का मक्सद देश की जनता को मूलभूत सुविधाओं जिसमें बिजली, पानी, सड़क शिक्षा व स्वास्थ्य, रोजगार जो प्रमुख है। उचित ढंग से मुहया कराना है। ये बाते आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव उज्वला ने बुधवारी बाजार में जनसंपर्क के दौरान कही उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री का फोकस जनता मूलभूत सुविधाओं पर केन्द्रीत है और हम इन्ही बिन्दुओं को लेकर जनता के बीच जा रहे है ।दिल्ली में इन सभी पर जो काम पिछले पांच सालों में हुआ है। वह काम अन्य पार्टियों ने पिछले 60 सालों में नहीं किया है।



## जादू टोने का आरोप लगाकर महिला की पिटाई बचाने आए लोगों को जिंदा जलाने की दी धमकी

**बिलासपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम खैरा में रहने वाली महिला और उसके परिवार के सदस्यों पर जादू टोने का आरोप लगाकर पड़ोसियों ने मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने आए लोगों को पड़ोसियों ने जिंदा जला देने की धमकी दी। मारपीट से घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम खैरा में रहने वाली महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि रविवार की शाम वह घर में ही थी। इसी दौरान गांव में रहने वाला मुन्ना साहू, संतोष साहू, जलेश्वरी साहू और पलेश साहू उसके घर के पास आए। उन्होंने जादू-टोने का आरोप लगाकर गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर सभी लोग उसकी पिटाई करने लगे। मारपीट के बीच महिला का पति और बेटा बीच बचाव करने आए। हमलावर ने धारदार हथियार से महिला के पति पर हमला कर दिया। वहीं, उसके बेटे की भी पिटाई की। पड़ोसियों ने महिला के बाल पकड़कर गली में घसीटा। साथ ही पूरे परिवार को जिंदा जला देने की धमकी दे रहे थे। किसी तरह जान बचाकर भागी महिला और उसके परिवार के सदस्यों ने घटना की शिकायत मस्तूरी थाने में की है। इसके बाद घायलों का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने गांव पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद गवाहों के बयान लिए गए। बयान के आधार पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम और मारपीट की धाराओं में जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# सार-संक्षेप

## एंग्लो इंडियन समाज का प्रथम सामुदायिक भवन लोकार्पित



**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री के द्वारा वार्ड 32 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। नगर पालिक निगम द्वारा वार्ड 14.48 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि सभापति श्यामसुंदर सोनी थे। राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर बताया कि उक्त सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के दौरान बिलासपुर में रह रही एंग्लो इंडियन समाज की बहन जो वर्तमान में आस्ट्रेलिया में निवासरत है, वे यह देखने आयी थी कि कौन विधायक है जो हमारे एंग्लो इंडियन समाज के लिये राशि उपलब्ध करा भवन निर्माण करा रहे हैं, यह पहला अवसर है। इस भवन लोकार्पण के दौरान किसी प्रकार की राशि की मांग नहीं की गई है, उसके बावजूद भी आने वाले समय में 10-15 लाख रूपये की राशि से विकास कार्य कराने की घोषणा राजस्व मंत्री ने की। महापौर ने विकास कार्यों के लिए राजस्व मंत्री का आभार जताया। एंग्लो इंडियन एसोसिएशन संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक बर्नाड रोड्रिक्स जोसेफ ने बताया कि यह सामुदायिक भवन पूरे देश में प्रथम भवन है, जो विधायक मद से निर्माण हुआ है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य श्रीमती सपना चौहान, प्रदीप राय जायसवाल, पार्षद अनुज जायसवाल, एल्डरमेन आरिफ खान पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, मनहरण राठौर, नीलाम्बर सिंह कंवर, समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक बर्नाड रोड्रिक्स जोसेफ, राबर्ड मॉरिस पॉल, आनंद पालीवाल, गजानंन प्रसाद साहू, देव जायसवाल, संजय कंवर, अनवर रजा, ग्रेडिन गैलियर, कैरेन रोड्रिक्स, सैंड्रा पॉल, अगता गैलियर, जोसफिन गैलियर, सुरेश रात्रे, राजेन्द्र कुमार, अमोल बाग, रोजलीन गैलियर, टेलेश्फोर टोप्पो, निकोलस खलखो, टिफील कुजूर, प्रवीन मसीह, पादरी रवि बक्श, संजय लकडा, विजय एक्का, वेपटीस मैडम, किरण रोबिस आदि उपस्थित थे।

## छट्ठी न्यौता में खाना-सब्जी मांगने पर बेहोश होने तक मारा

**कोरबा-बांकीमोंगरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। छट्ठी कार्यक्रम के न्यौता पर गए एक युवक के साथ खाना व सब्जी मांगने की बात पर विवाद करते हुए बुरी तरह मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम छिरहुट का निवासी लव कुमार सीएसईबी कोरबा पश्चिम में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। 15 सितंबर को रात करीब 8 बजे लव कुमार ग्राम तेलसरा थाना बांकीमोंगरा में शत्रुघन सिंह के घर पर आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात करीब 9 बजे सभी खाना खा रहे थे कि उस वक्त खाना खत्म हो गया। लव कुमार द्वारा खाना-सब्जी मांगने पर गुरुवार उर्फ रिघु व 3 अन्य लोगों के द्वारा गाली-गलौच करते हुए कहा गया कि खाना खाना है तो खाओ नहीं तो अपने घर जाओ। इस बात पर लव कुमार ने आपत्ति जताई तो गुरुवार और उसके साथियों ने मिलकर जान की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किया। गुरुवार ने हाथ में पहने चूड़ा से मारा जिससे लव कुमार के सीना और सिर में चोट लगने से खून निकल गया। लव कुमार के साथ गए दोस्त भगत, विक्की, अन्नू के द्वारा बीच-बचाव किया गया। चोट के कारण लव कुमार बेहोश जैसा हो गया था जिसे किसी तरह छिरहुट लाया गया। उसे उपचार के लिए साडा कालोनी दर्री के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के भाई भरत की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## जन बल के सहारे मैदान में उतरा हूं-लखन

**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन के लिए पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि वे इस बार जन बल के सहारे मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी धन बल से मजबूत हैं लेकिन जनता का पूर्ण सहयोग इस बार के चुनाव में उन्हें जरूर मिलेगा, ऐसी आशा है।

चुनाव कार्यालय का पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बनवारीलाल अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अमलानंद मैथाणी ने फीता काटा। इस दौरान लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, वरिष्ठ नेता देवेन्द्र पाण्डेय, नवीन पटेल, गोपाल मोदी, हितानंद अग्रवाल सहित सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद थे। अन्य वक्ताओं ने केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार पार्टी ने पहले से ही प्रत्याशी घोषित किया है। इसका लाभ आने वाले चुनाव में मिलेगा क्योंकि प्रचार-प्रसार के लिए पर्याप्त अवसर मिला है। प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि वे धन बल नहीं बल्कि जन बल के सहारे चुनाव मैदान में उतरे हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है लेकिन नगर निगम में 10 साल से काबिज कांग्रेस के महापौर विकास कार्य करने की बजाय स्वहित में लगे हैं। जिस दौरान उन्होंने पक्की सडक़ों का निर्माण कराया था वे आज भी यथावत है लेकिन वर्तमान में महंगे दरों पर महापौर द्वारा कार्य कराया जा रहा है वह टिकाऊ नहीं है। कुछ दिनों में ही डामरीकृत सडक़ें उखड़ रही हैं।

## स्वच्छता ही सेवा, सफाई कामगारों को दिया सुरक्षा उपकरणों का प्रशिक्षण

**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई के मार्गदर्शन में किया गया। वर्ल्ड विजन इंडिया की श्रीमती निधि सेन द्वारा सफाई मित्रों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपकरण के उपयोग किए जाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाना जरूरी बताया।

वार्ड 21 स्थित सियान सदन में विशेष स्वास्थ्य शिविर में सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल लगाया जाएगा। 21 सितंबर को इंदिरा स्टेडियम में स्वास्थ्य शिविर के बाद बाकीमोंगरा में भी अभियान चलाया जाएगा। आज के कार्यक्रम में कुल 56 सफाई मित्रों द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। सफाई मित्रों को वीडियो के माध्यम से लाभ एवं हानि के बारे में जानकारी देने के साथ ही सफाई के किट उपकरण के प्रयोग करने के तरीके भी बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक गौरव सिंह, धनमोहन रात्रे, सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक, सफाई ठेकेदार व उनके कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# विघ्नहर्ता का दर्शन करने पंडालों में उमड़ने लगे श्रद्धालु



**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को शुभ मुहुर्त में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए भगवान गणेश एवं रिद्धि-सिद्धि को विराजित किया गया। इसके साथ ही गणेश चतुर्थी का 10 दिवसीय त्योहार प्रारंभ हुआ जो अनंत चतुर्थदशी पर विराम लेगा। जिले के शहर से लेकर उप नगरीय और ग्रामीण अंचलों सहित गली-मोहल्लों में गणेशोत्सव की धूम शुरू हो गई है। घरों और प्रतिष्ठानों में भी यथासंभव श्री गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना किया जा रहा है। छोटे-बड़े पंडालों में कई तरह की सजावटों के बीच श्री गणेश भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। जिले के अलग-अलग स्थानों में विभिन्न गणेशोत्सव समितियों के द्वारा आकर्षक और मनोहारी मूर्तियां स्थापित की गई है। शहर के मध्य पॉवर हाऊस रोड में विनायक गणेश उत्सव समिति के द्वारा तिरूपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर निर्मित कराए गए विशाल पंडाल में वेंकटेश्वर गणेश भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। दक्षिण भारत की मूर्ति शैली की तर्ज पर ही रिद्धि व सिद्धि उनके अगल-बगल विराजित किए गए हैं। इसी तरह सीतामणी महात्मा गांधी मार्ग, तुलसी मार्ग, चित्रा मल्टीप्लेक्स के पास, रानी रोड, पुरानी बस्ती, अग्रसेन चौक, टीपी नगर, बुधवारी, निहारिका, कोसाबाड़ी, एमपी नगर, शिवाजी नगर से लेकर बालको, एनटीपीसी, एसईसीएल, सीएसईबी के कालोनी क्षेत्रों व आम स्थलों पर भी गणेशोत्सव आज से प्रारंभ हुआ। उप नगरीय क्षेत्रों में कटघोरा का राजा की ख्याति जिले ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी सुनाई पड़ रही है। यहां अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर 107 फीट ऊंचे एवं विशाल पंडाल में वे भक्तों को दर्शन दे रहे हैं।

# भू-विस्थापित कोटा के ठेका कार्य की लिमिट 20 करोड़ बढ़ाएं-कुलदीप

**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने कोयला खदान के प्रभावित भूविस्थापितों के लिए कोटा में दिए जाने वाले ठेका कार्य के लिमिट को 1 करोड़ से 20 करोड़ तक बढ़ाने की मांग की है।

संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि कोल इंडिया पालिसी 2012 लागू होने के बाद छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित कर दिया गया जिसके कारण विस्थापित परिवारों में बेरोजगारी की विकराल समस्या आ गयी है। इसे देखते हुए सन्गठन ने आउट सोर्सिंग कंपनियों में भूविस्थापित बेरोजगारों को प्राथमिकता के साथ ही कोल ट्रंसपोर्टेशन ,सिविल, मेकेनिकल सहित सम्पूर्ण ठेका कार्यों में 20 प्रतिशत कोटा की मांग को लेकर लम्बा संघर्ष किया। 2021 में 5 लाख तक के ठेका कार्यों में एक वित्तीय वर्ष में क्षेत्र में 1 करोड़ रुपये का कोटा दिया गया किन्तु इस कार्य मे भी एसईसीएल के स्थानीय प्रबन्धन उदासीन बनी हुई है और खुला टेंडर में कम्पीटिशन होने के कारण भूविस्थापित भाग नहीं ले पाते। निर्धारित दर से आधे से भी कम में ठेका लेने वाले निर्माण कार्यों में भारी धांधली करते हैं।

### अब तक 30 से 40 लाख का ही ठेका, लिमिट एक करोड़ करें

वर्तमान में एक वित्तीय वर्ष में एक फर्म को 2 लाख तक का कार्य दिया जाता है एवं पूरे कोटा में एक करोड़ तक लिमिट तय किया गया है कोल इंडिया आर एंड आर पॉलिसी 212 के प्रावधानों के तहत गेवरा प्रोजेक्ट के 7 ग्राम पोड़ी, अमगाँव, बाहनपाठ, भठोरा, भिलाई बाज़ार, रलिया, नराईबोध में लगभग 55 खातेदार हैं जिसमे से केवल 11 खातेदारों को स्थाई खातेदार दिया जा रहा है। इसी प्रकार दीपका ,कुसमुंडा परियोजना में भी रोजगार से वंचित होने वाले खातेदारों की संख्या बहुत ज्यादा अधिक है जिसे देखते हुए इस लिमिट को 1 करोड़ से बढ़ाकर 2 करोड़ किया जाए एवं एक फर्म के लिए निर्धारित 2 लाख के लिमिट को बढ़ाकर 1 करोड़ किया जाए। वर्तमान निर्धारित कोटा के तहत वित्तीय वर्ष 222-23 के तहत अभी तक एक एरिया मे लगभग 3 से 4 लाख तक ही ठेका कार्य जारी किया गया है, पूर्व में जारी गाईड लाइन के तहत तत्काल 1 करोड़ लिमिट तक के टेंडर जारी किया जाए, प्रबंधन के उदासीन रवैया के कारण भू-विस्थापित में आक्रोश व्याप्त होते जा रहा है आने वाला समय में उग्र आन्दोलन करने के लिए हम मजबूर होंगे।



## 7 घंटे चक्काजाम के बाद एलाटमेंट लेटर के साथ बसाहट देने का आश्वासन




**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित ग्राम भैसमाखार के भू विस्थापितों ने बसाहट की मांग को लेकर मनगांव के पास कुसमुंडा गेवरा बाईपास रोड में चक्काजाम सुबह 10 बजे से शुरू किया। चक्काजाम को माकपा और किसान सभा ने भी समर्थन दिया।

**कुसमुंडा परियोजना प्रभावित भैंसमाखार के हैं भू-विस्थापित**

चक्काजाम के 7 घंटे के बाद सभी भू-विस्थापितों को बसाहट के साथ एलाटमेंट लेटर देने का आश्वासन मौके पर पहुंचे एसईसीएल कुसमुंडा के एपीएम शरद मलिक और आरके बधावन ने दिया जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। इससे पहले चक्काजाम के कारण कोयले का परिवहन पूर्ण रूप से बंद रहा और ट्रकों की लंबी कतार लगी रही। चक्काजाम को प्रमुख रूप से माकपा जिला सचिव प्रशांत झा, पार्षद राजकुमारी कंवर, किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, जय कौशिक, देव कुंवर कंवर, सुमेंद्र सिंह ठकराल, रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु, अनिल बिंझवार, सुक्रिता, राजकुमारी बिंझवार, सरोज, घसनीन, संतोषी ने भी संबोधित किया।

## ठेका कर्मी के घर से पेटी सहित सामानों की चोरी

कोरबा-हरदीबाजार, 19 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे लाइन में ठेका कर्मी के घर से अज्ञात चोरों ने जेवरातों और सामानों से भरी पेटी को पार कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम धौराभाठा रामपुर का रहने वाला धनराज सिंह राजपूत रेलवे लाइन में ठेके पर रोजी-मजदूरी करता है। 17 सितंबर को रात करीब 11 बजे पत्नी बृहस्पति बाई घर के टीवी कमरे को बंद कर दूसरे कमरे में सोने चली गई जहां पहले से वह और उसकी पुत्री सो रहे थे। रात 3 बजे धनराज काम पर जाने के लिए उठा तो टीवी वाले कमरे का दरवाजा खुला हुआ और ताला सहित कुंदा उखड़ा हुआ मिला। भीतर जाने पर सामान बिखरे थे। सोने-चांदी के जेवरात एवं नगद रकम चोरी होना पाया। ये सभी सामान एक पेटी में रखे हुए थे जिसे चोर अपने साथ ले गया। हरदीबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 380, 457 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## फर्जी ट्रांसफर का मैसेज डालकर व्यवसायी से ठगी, जुर्म दर्ज


**कोरबा-बांकीमोंगरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। ठगों के द्वारा ठगी के एक से एक तरीके ईजाद किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक ठग ने खुद को डॉक्टर होना बताकर इलेक्ट्रानिक दुकान के संचालक को 18 हजार रुपए का चूना लगा दिया।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा में आलोक कुमार अग्रवाल की अर्नव इलेक्ट्रानिक नामक दुकान है। 9 सितंबर को शाम करीब 4 बजे वह कुदरीपारा स्थित घर में था कि मोबाइल पर 7200842152 नंबर से फोन कर खुद को डॉ. राजेश बताया और 2 सिलिंग फैन खरीदने की बात कही। इसके एवज में 4 हजार रुपए कीमत फोन-पे पर डालना बताया और पंखा लेने के लिए एक आदमी को दुकान पर भेजने की बात कही। डॉ. राजेश ने व्यवसायी के फोन-पे नंबर पर 10 रुपए डाला जो चेक करने के बाद 3990 रुपए और भेजना बताया। बात करते-करते 39 हजार 900 रुपए जमा होने का मैसेज व्यवसायी ने अपने मोबाइल पर देखा तब डॉ. राजेश को ज्यादा रुपए भेज देने की जानकारी दी। डॉ. राजेश ने गलती से यह रुपए डालना बताया और कहा कि उसका एक स्टाफ अर्जेंट में दवाई लेने गया है जिसको 18 हजार रुपए की जरूरत है और इसे फोन-पे नंबर 7086956136 में डालने के लिए कहा।

व्यवसायी ने एकाउंट नंबर मांगा और अपने कर्मचारी बसंत पाल के मोबाइल से डॉ. राजेश के उक्त नंबर पर 2 बार में 18 हजार रुपए भेजा। फिर डॉ. राजेश ने बचत रकम को डालने की बात कहकर फोन काट दिया। व्यवसायी ने बाकी राशि को उसके एकाउंट में डालने के लिए अपना एकाउंट ऑनलाइन बैंकिंग में जाकर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि कथित डॉ. राजेश ने कोई रकम नहीं भेजा है। व्यवसायी ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत सायबर में किया। दूसरे दिन डॉ. राजेश का फिर से फोन आया और शिकायत के कारण अपना एकाउंट ब्लाक होने की बात कह कर 18 हजार रुपए वापस लेने व अपने एकाउंट को अनब्लाक कराने का आग्रह किया।

## कबीरबाग में महिला समिति ने मनाया तीजा

**कोरबा, 19 सितंबर (देशबन्धु)। कबीर बाग में महिला समिति द्वारा तीजा मनाया गया। व्रत रखकर सभी महिलाओं ने पूजा-अर्चना व आरती की एवं रात भर जागरण कर भजन-कीर्तन कर सवेरे प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती गीता महंत, निर्मला महंत राम कुमारी, जानकी शर्मा, आशा, सीमा, छोटी, निशा, रानी, सरोज, कौशल्या, रजनी मानिकपुरी, सीमा उपाध्याय, पूनम साहू, आंचल महान, सरिता सहित अन्य उपस्थित थे।**



## एसईसीएल के सीएसआर से विद्यालय का कायाकल्प



**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सीएसआर मद से आदिवासी हायर सेकेंडरी विद्यालय, पुरानी बस्ती का कायाकल्प किया गया है। 661.25 लाख रुपए से इस नवनिर्मित भवन का लोकार्पण राजस्व मंत्री ने किया। वर्तमान में इस विद्यालय में कुल 959 छात्र / छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनमें से अधिकांश आदिवासी बहुल क्षेत्र से आते हैं। एस.ई.सी.एल. कोरबा क्षेत्र द्वारा नवनिर्मित इस भवन में कुल 28 कमरे, 2 लैब, कंप्यूटर / ई-क्लास रूम, स्वास्थ्य सुविधा कमरा, मल्टी एक्टिविटी कमरा, 8 शौचालय, खेल कमरा, 4 कार्यालय कार्य हेतु कमरे, प्रतीक्षा कमरा बनवाए गए हैं जिसमे कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई सुचारू रूप से हो पाएगी। बच्चों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के प्रबंधन किए गए हैं। इससे पहले संसाधनों के अभाव में उक्त विद्यालय के छात्र /छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्याम सुन्दर सोनी, एमआईसी सदस्य संतोष राठौर, भानू सिंह, उपमहाप्रबंधक (सिविल) तथा श्रीमती किरण डहंगा, उप प्रबंधक (सी.डी.) उपस्थित रहे। आदिवासी हायर सेकेंडरी विद्यालय के कई भूतपूर्व छात्र / छात्राएं तथा प्राचार्य भी इस अवसर के साक्षी बने, क्योंकि इनमे से बहुतों ने खपरैल के स्कूल से अपनी शिक्षा पूर्ण की थी।

# पुराने संसद में कामकाज के अंतिम दिवस सांसद ज्योत्सना ने कहा-ओल्ड इज गोल्ड

### नए संसद भवन में भी गूजेंगी कोरबा लोकसभा की आवाज

कोरबा, 19 सितंबर (देशबन्धु)। 95 साल पुराना संसद भवन अब अतीत का पन्ना बन गया। नए संसद भवन में कामकाज से पहले पुराने संसद भवन में सांसदों ने अपने अंतिम कार्य को अंजाम दिया। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर नए संसद का उद्घाटन होगा। पीसीसी चीफ व बस्तर सांसद दीपक बैज साथ रहे कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत पुराने संसद भवन में कामकाज के अंतिम दिवस भावुक हो उठीं। उन्होंने संसद भवन की डायरी में लिखा ओल्ड इज गोल्ड।



सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि नए भवन में संसदीय कार्य की जहां उत्सुकता है और यह देश के लिए एक गौरवमयी क्षण की शुरूआत है, वहीं दूसरी तरफ 95 साल पुराने संसद भवन से अलग होने का दुख भी है। पुराना संसद भवन भारत देश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले अनेक निर्णयों का साक्षी रहा है। आजादी से पहले और आजादी के बाद का यह संसद भवन हर भारतवासी की स्मृति में सदैव अक्षुण रहेगा। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रथम उद्बोधन से लेकर इस संसद ने अनेक गौरवमयी क्षणों का अनुभव किया तो कई बार देश हित में कठोर निर्णयों का भी साक्षी बना है। ज्योत्सना महंत ने कहा कि वे नए संसद भवन में भी अपने कोरबा संसदीय क्षेत्रवासियों के हित के लिए पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ अपनी आवाज बुलंद करती रहेंगी। उम्मीद है कि नए संसद भवन से कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए हितकारी निर्णय जारी होंगे।

## डॉ. शर्मा को सेंट्रल रजिस्ट्रेशन, देश भर में कहीं भी कर सकेंगे उपचार

**कोरबा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के सदस्य, जमुना फार्मास्यूटिकल्स भोपाल के सीनियर सेल्स ऑफिसर नेत्रनंदन साहू ने डॉ. शर्मा को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। डॉ. शर्मा ने बताया कि हमारे द्वारा न केवल छत्तीसगढ़ अपितु मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं अन्य राज्यों में भी विजिटिंग डॉक्टर के रुप में सेवा प्रदान कर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में चिकित्सकीय कार्य करने हेतु हमे सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की आवश्यकता हुई, ताकि सम्पूर्ण भारत में अपनी सेवायें प्रदान करने हेतु पात्रता रख सकें। छत्तीसगढ़ राज्य के आयुर्वेदिक बोर्ड द्वारा प्रदत्त रजिस्ट्रेशन के आधार पर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार को सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हेतु आवेदन किया था। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय के बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन के प्रेसिडेंट प्रोफेसर (वैद्य) राकेश शर्मा, सचिव डॉ.बी.एल.मेहरा एवं सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) नारायण एस जाधव द्वारा अवलोकन कर नेशनल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा शर्मा, अश्वनी बुनकर, कमल धारीया, चक्रपाणि पांडे, तोरेंद्र सिंह, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, स्नेहा मिश्रा एवं हर्ष नारायण शर्मा उपस्थित रहे।



## सार-संक्षेप

### छात्रा सोनिया लेगी नेशनल कराते चैम्पियनशिप में हिस्सा



**सारंगढ़** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिले से अशोका पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी सोनिया चौहान ने स्कूल गेम कराते में ब्लॉक जिला,संभाग और स्टेट लेवल में जीत हासिल कर नेशनल के लिए एकमात्र छात्रा के रूप में चयनित हुईं जिसमें इनके कोच दीपक दास एवं छत्तीसगढ़ प्रमुख खेत्रो महानंद , उपप्रमुख आदिल खान एवं फिज़ा मडम व क़ाज़ी सर का कुशल मार्गदर्शन रहा साथ ही खेल शिक्षक कौशल ठेठवार ,फकीरा यादव व प्रमोद का योगदान विशेष योगदान रहा एंव जिसके लिए अशोका पब्लिक स्कूल के संचालन समिति के राजेश अग्रवाल संजय पाण्डेय अजेश पुरूषोत्तम अग्रवाल प्राचार्य जे मिश्रा इत्यादि ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया है।

### एनएसयूआई ने भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी का किया पुतला दहन



**डभरा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव का फर्जी वीडियो वायरल करने वाले प्रदेश भाजपा महामंत्री ओ.पी.,चौधरी का पुतला दहन किया गया एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष खुशवंत सिंह चन्द्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाल गया। जहां रैली रेस्ट हाउस से प्रारम्भ कर कार्यकर्ताओं द्वारा ओपी चौधरी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाना चौक में सैकड़ों की संख्या में पुतला दहन किया।

रैली को सम्बोधित करते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष खुशवंत सिंह चन्द्रा ने कहा कि ओ.पी चौधरी पूर्व में नौकरशाह थे, जो नौकरी छोड़कर भाग गए, फिर खरसिया से चुनाव लड़े फिर खरसिया छोड़ कर भाग गए, फिर चंद्रपुर विधानसभा आये और अब यहाँ को छोड़कर भाग कर रायगढ़ गए है। उनके द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को बेजा कब्जा कर लिया गया था, जिसका विरोध होने पर मामला को दबाने के लिये फर्जी वीडियो वायरल कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है, ऐसे भगोड़े आदमी को जनता बर्दास्त नही करेगी। इस दुष्कृत्य का एनएसयूआई द्वारा करारा जवाब दिया जाएगा और पूरे प्रदेश में ओपी चौधरी का पुतला दहन किया जाएगा। इस पुतला दहन में प्रमुख रूप से कृपा सागर मैत्री,बिट्टू मैत्री,हेमंत चौहान,द्रोण चन्द्रा,राम मैत्री,रोहन चन्द्रा नन्दकुमार चन्द्रा,सौरभ देवांगन,योगेश यादव,नरसिंह लहरे,विजय यादव,आकाश कर्ष, अजय, चूड़ामणि चौहान,उत्तम, गिरधर गोपाल चन्द्रा, करन चन्द्रा, नूतन पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष सहित 35 लोगों ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता



**अकलतरा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार मंडल सदस्य मंजू सिंह ने आज भारतीय जनता युवा मोर्चा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के नरियरा मंडल अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष सहित 35 लोगों को कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कराया।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता के हित में किए गए कार्यों एवं कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर भारतीय जनता युवा मोर्चा अनुसूचित जनजाति के नरियरा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल मरावी उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह जगत एवं कोषाध्यक्ष संतोष मरकाम सहित ग्राम नरियरा ,किरारी एवं रोगदा के 35 लोगों के द्वारा कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई। मंजू सिंह के द्वारा तिरंगा गमछा पहनकर समस्त लोगों को कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कराया गया। नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंजू सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्वधर्म समभाव की विचारधारा पर चलने वाली एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर एवं सम्मान देने वाली पार्टी है। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाकर उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जनपद सदस्य भूषण वैष्णव उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीजय कुमार त्रिभुवन साहू,गुलाब राम साहू ,राजू साहू, मुकेश साहू ,लखन कश्यप ,श्याम बिहारी,शिवलाल, शिव प्रसाद, भागवत कश्यप,गोकुल साहू, जितेंद्र मरकाम,सतीश जगत,छेदुराम, कन्हैयालाल,जगदीश कश्यप, अनिल कश्यप,कन्हैया जगत, रघुवीर साहू,राजेश सहिस,मोतीचंद,कृष्ण कुमार,जयपाल जगत,गोपाल यादव, सोहनलाल, नंद यादव के द्वारा कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई।

### 30 सितंबर तक होगा धान एवं मक्का खरीदी के लिए पंजीयन

**जांजगीर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए पंजीयन किया जा रहा है। नए किसानों को 30 सितंबर तक समितियों में पंजीयन कराना होगा, तभी वे इस साल समर्थन मूल्य में धान बेच पाएंगे। साथ ही इस साल केन्द्र में धान बेचने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। पंजीकृत किसानों को अपना एक नामिनी का नाम, आधार नंबर, मोबाइल नंबर की जानकारी के साथ संबंधित समिति में आवेदन पेश करना होगा। नए किसानों को आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज या ऋण पुस्तिका की छायाप्रति बी-1 बैंक खाता व आधार कार्ड की छायाप्रति साथ समिति में अंतिम तारीख 30 सितंबर तक जमा कर सकते हैं।

# शुभ मुहुर्त पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की हुई स्थापना

**जांजगीर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। अंचल में आज शुभ मुहुर्त पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके आलावा घरों में भी गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। आज शाम तक कई वाहनों के जरिए प्रतिमाओं को बाजे गाजे के साथ पंडालों तक लाया गया। दस दिनों तक अंचल में भक्तिमय वातावरण रहेगा, वहीं इस दौरान विविध आयोजन भी होंगे।

**प्रतिमाओं को पंडालों तक बाजे गाजे के साथ लाया गया**

गणेश उत्सव पर जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड एसबीआई, बीटीआई चौक, कचहरी चौक, केरा रोड, चांपा रोड सहित अन्य जगहों में पंडाल बनाकर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। स्टेशन रोड में श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके अलावा घरों में साफ सफाई कर साज सज्जा की गई है। कई घरों में भी प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने भी चंदा करके जगह-जगह गणेश प्रतिमा की स्थापना की है। इधर दो माह पहले से कोलकाता व स्थानीय मूर्तिकार गणेश प्रतिमा को अंतिम रूप देने परिवार सहित जुटे रहे। आज सुबह से मूर्तिकारों के पास गणेश प्रतिमा ले जाने वालों की भीड़ उमड़ी। ऑटो, ट्रैक्टर, बाइक, साइकिल सहित अन्य वाहनों में गणेश प्रतिमाओं को ले जाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेशोत्सव की धूम है। अंनत चर्तुदर्शी तक गणेश की पूजा अर्चना होगी। वहीं कुछ लोग दो-तीन दिन तक पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा विसर्जित कर देंगे।




## ग्रामीण अंचलो में मनाया गया तीज का पर्व



**डभरा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कोटमी एवं साल्हे खरकेना बघौद सहित ग्रामीण अंचलो में हरितालिका तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए 24 घंटे का निर्जला व्रत रखकर पूजा की।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भादो के तृतीय पक्ष को भगवान शिव और मां पार्वती की विधि विधान से पूजा की जाती है। इस पर्व को हरियाली तीज या हरितालिका नाम से जानते हैं। मान्यता है कि इस हरितालिका के दिन मां पार्वती ने कठोर तपस्या की थी और इस कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार भी किया था। इस दिन व्रत को रखने से महिलाओं की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। इस दिन को सुहागिन स्त्रियों के लिए महत्वपूर्ण माना गया है ग्राम कोटमी के सुहागिनों में सविता चौधरी, रमा चौधरी, रजनी चौधरी, लता चौधरी, ललिता पटेल, रूखमणी पटेल, पदुमकुंवर चौधरी,चम्पा पटेल सहित ग्राम की सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखी।



## चांपा नगर के विभिन्न स्थानों में बने पंडाल

चांपा नगर के विभिन्न स्थानों में बने पंडाल में भगवान गणेश आज विराजमान हुए। गाजे बाजे के साथ मूर्तिकार के यहां से भगवान को पंडाल तक लाया गया और भक्ति शुरू की गई। नगर के अनेक स्थानों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। सुबह से मूर्ति ले जाने के लिए बाजार में भीड़ रही। स्टेशन, लोक निर्माण आफिस के सामने, मझली तालाब के पास, थाना चौक, संजय नगर, कुम्हार पारा मूर्तियों का प्रमुख बाजार है, जहां भगवान गणेश की मूर्ति लेने वालों की भीड़ लगी रही। यहां मूर्तियां ले जा कर पंडालों में स्थापित करते का दौर रात तक चलता रहा। घर में भी लोगों ने पूजा करने के लिए मूर्ति स्थापित की। कई घरों में मूर्ति स्थापित कर दिन भर पूजा अर्चना कर शाम को हवन के बाद मूर्ति विसर्जन किया। नगर में प्रमुख रूप से स्टेशन, बरपाली चौक, मझली तालाब, सिंधी कालोनी, थाना पारा, संजय नगर, बेरियर चौक, कदम चौक, सदर बाजार, धोबी पारा, सोनार पारा, ब्राम्हण पारा, सहिस मोहल्ला सहित अनेक स्थानों में सार्वजनिक रूप से गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

## राज को मिला मिस्टर जांजगीर का खिताब

**जांजगीर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। अग्रसेन भवन नैला में जिला स्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर को फिटनेस क्लब जांजगीर द्वारा किया गया। इसमें मिस्टर जांजगीर का खिताब राज प्रधान चांपा को मिला वहीं बेस्ट पोजर का खिताब जांजगीर के चितरंजन बघेल को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रवीण पांडेय थे। और अध्यक्षता भगवान दास गढ़वाल ने की, विशिष्ट अतिथि पंकज अग्रवाल थे। मुख्य अतिथि प्रवीण पांडेय ने कहा शरीर को सुगठित बनाना सिर्फ आकर्षण का विषय नहीं है उससे मानसिक दृढ़ता और इच्छा शक्ति भी प्रबल होती है। प्रतियोगी युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से उपस्थि?त एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक युवाओं को किसी न किसी खेल में तल्लीन रहना चाहिए। यहां के उपस्थित



प्रतियोगियों की मेहनत से उनका शरीर तराशा हुआ प्रतीत हो रहा है। पंकज अग्रवाल ने अपने भाषण में युवाओं की मेहनत को सराहा। कार्यक्रम का आयोजन शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हुआ, जिसमें निर्णायक मुकेश गुप्ता एवं राजेश नायक थे। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार मोहम्मद सलीम बक्शी एवं सुनील यादव रहे। संचालन पवन नामदेव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक शर्मा, शरद नत्थानी, रवि शर्मा, विकास संकुल, विजय आदि रहे।

## आजादी की अलख जगाने में बैरिस्टर ने निभाई थी सक्रिय भूमिका

### स्मृति आयोजन समिति ने दी श्रद्धांजलि

**अकलतरा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के 67 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर स्मृति आयोजन समिति के द्वारा नगर के ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्केट में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल ने अपनी विद्वता से कानून के क्षेत्र में बहुत कीर्ति अर्जित की। लेकिन उनका राष्ट्र प्रेमी मन शीघ्र ही विचलित हो गया और वे वकालत छोड़ कर सक्रिय राजनीति में उतर गए।



श्रमिकों में जागृति फैलाने के लिए 1927 से 1932 तक उन्होने वीवी गिरी के सानिध्य में बंगाल भानपुर रेलवे श्रमिक संघ के उच्च पदों को सुशोभित किया। और जल्द ही अपनी योग्यता और अद्भुत साहस से अंत: प्रांतीय राजनीतिज्ञों के प्रमुख बन गए। शुरुआत में उनका झुकाव स्वराज्य पार्टी की ओर रहा लेकिन 1928 में उन्होंने गांधी जी से प्रभावित होकर कांग्रेस की ओर अपना रास्ता कर लिया। बिलासपुर अंचल में जागृति फैलाने के लिए उन्होंने रामलीला के मंच से राष्ट्रीय रामायण का अभिनव प्रयोग किया। 1932 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण उनको 25 सौ रुपए का अर्थदंड देना पड़ा। उन्होंने 1932 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तथा 1932 में कांग्रेस समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। सविनय अवज्ञा आंदोलन में उन्होने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने मुंगेली के किसानो को राजनीति में लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनका कार्य मुख्य रूप से जनता के बीच में था। 1937 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजय होने पर विधायक रहे तथा 1946 में संविधान सभा के सदस्य भी रहे। कार्यक्रम मे बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के पुत्र विजय प्रताप सिंह, रवि सिसोदिया, लव सिंह , अरुण राणा, मंजू सिंह, राघवेंद्र कुमार सिंह,पूर्णेन्द्र सिंह राणा, राजकुमार गुप्ता, अशोक मनक्सा, सतीश दीवान, बिहारी लाल ताम्रकार,इमरान ख़ान, खुलन सोनवानी, डॉक्टर शफीक खान, नरेश हरगुनानी,अनिल सिंह सिसोदिया, दिनेश राणा,मुरारी सिंह, संतोष अग्रवाल, मदन मोहन सिंह, दिवाकर सिंह राणा, मुश्ताक अहमद, संतोष सिंह बैस,सतीश सिंह चौहान, प्रबल प्रताप सिंह, सौरभ सिंह,दिलेश्वर साहू ,रविंद्र साहू, अमित केडिया, कमलेश सिंह, अंकित सिंह सिसोदिया, कलीम खान, राजकुमार सिंह, कासिम खान, दिनेश मिरी ,मुकेश नागदेव,शिवपाल, सिंह अमित यादव, नरेश यादव, आदित्य चौहान, उर्मिला पंसारी,गिरजा बाई, सरस्वती बाई ,गीता बाई एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट अधिवक्ता व समाज सेवी के रूप में कमल किशोर पटेल सम्मानित

**डभरा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग एवं आरटीआई मानवाधिकार के महामंत्री एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता कमल किशोर पटेल को हाईकोर्ट में बेहतर कार्य करने पर उत्कृष्ट अधिवक्ता एवं समाज सेवी के रूप मेडल प्रदान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा होटल बेबीलोन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

बता दें कि कमल किशोर पटेल हाई कोर्ट अधिवक्ता के साथ समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते है, वह गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं मामला हाई कोर्ट संबंधी केस हो तो कमल किशोर पटेल द्वारा लोगों के न्याय के लिए निःशुल्क लड़ते हैं। क्षेत्र के किसानों की जमीन साराडीह- कलमा -मिरौनी बैराज में डुबान की मुआवजा का मामला हो एनटीपीसी लारा के भूमि अधिग्रहण, एससीएल कोल इंडिया संबंधी कई मामलों में उन्होंने हाईकोर्ट से किसानों को न्याय दिलाया है। मुख्यमंत्री द्वारा श्री पटेल को उच्च न्यायालय में उत्कृष्ट कार्य करने एवं सामाजिक कार्यों में बेहतर कार्य करने के लिए मेडल सम्मानित किया। मेडल प्राप्त होने पर अखिल भारतीय अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष



भुवनेश्वर पटेल, राष्ट्रीय सचिव धनंजय पटेल, दीनदयाल पटेल, राष्ट्रीय मीडिया सलाहकार विजय पटेल, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती गैस मोती पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार पटेल, केंद्रीय क्रीड़ा सचिव मनीष चौधरी, डभरा इकाई के क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, तेजराम पटेल, चतुर्भुज पटेल, सचिव डॉक्टर राजेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार पटेल, कर्मचारी नेताओं में विजय नारायण पटेल, यशवंत पटेल, नरेश चंद्र पटेल, कुशल पटेल, राजीव लोचन पटेल सहित सामाजिक पदाधिकारी ने हर्ष व्याप्त किया है

## स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने निकाली गई पदयात्रा

**जांजगीर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर में स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत स्वच्छता अभियान पखवाड़ा, इंडियन स्वच्छता लीग व सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत नगर में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली बस स्टैण्ड के पास स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल से निकलकर शबरी चौक, नटराज चौक, मेला ग्राउंड रोड होते हुए नगर पंचायत में समाप्त हुई।

निकाय स्तर पर स्वच्छता के लिए जन जागृति हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सीएमओ संध्या वर्मा ने बताया कि इस लीग का उद्देश्य पब्लिक में जागरूकता और उनके भागीदारी पर किया गया है। जिससे पूरे नगर को स्वच्छ बनाया जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी तिवारी ने कहा यह नगर हम सभी का है। सभी के जागरूकता से ही नगर को स्वच्छ रखा जा सकता है। उन्होंने कहा सभी को मिलकर नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देना होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें स्वच्छता के कार्य



में जोड़ना है। इस अवसर पर इंजी हर्षा तिवारी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, पार्षद मनोज तिवारी, निरंजन कश्यप, शिवशंकर सोनी, कृष्ण कुमार भट्ट, सागर केशरवानी व प्रकाश बंसल, पूजा साहू, छाया यादव, राजेन्द्र सिंह गांधी, उत्तम बंजारे, रविंद्र साहू, सविता साहू, बजरंग यादव, स्वच्छता दीदियां, आत्मानंद स्कूल के छात्र छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे।

# राजीव युवा मितान क्लब के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन

**खरसिया** 19 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोक परंपराओं संस्कृति एवं उत्सव को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं उनके द्वारा की जा रही इस पहल से प्रेरणा लेते हुए राजीव युवा मितान क्लब क्रमांक पांच द्वारा छत्तीसगढ़िया लोक संस्कृति के बड़े त्यौहार तीजा पर्व एवं विघ्नहर्ता गजानंद स्वामी के जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा के मुख्य अतिथ्य में राजीव युवा मितान क्लब क्रमांक 5 के तत्वाधान में तीन वार्डों 13, 14 एवं 15 की तिजहारिन माताओं एवं बहनों की भारी उपस्थिति में गंज पीछे स्थित



तालाब पार में भव्य पंडाल बनाकर भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आए भजन गायको द्वारा भगवान शिव माता पार्वती एवं गणेश जी के सुमधुर भजनों की रसधारा से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने सभी तिजहारिन माताओं एवं बहनों को तीजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव एवं पार्वती जी का आशीर्वाद आप पर हमेशा बना रहे आप अखंड सौभाग्यवती हो इसी कामना के साथ मैं बताना चाहता हूं कि नगर पालिका खरसिया अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब क्रमांक 5 वार्ड नंबर 13, 14, 15 के अध्यक्ष एवं सदस्यों को इस आयोजन किया गया है इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं। राजीव युवा मितान क्लब की अध्यक्षा पूजा अग्रवाल सचिव राहुल महंत कोषाध्यक्ष दिग्विजय ठाकुर एवं समस्त सदस्यों द्वारा तीजा एवं गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर भजन संध्या के आयोजन के साथ ही कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार एवं आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। तिजहारिन माताओं एवं बहनों ने क्लब के सभी सदस्यों को आशीर्वाद एवं धन्यवाद दिया।

आज के धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा पूजा अग्रवाल राहुल महंत दिग्विजय सिंह ठाकुर एवं सभी सदस्य तथा कांग्रेस नेता गोवर्धन ठाकुर, विकास विक्कल अग्रवाल, एल्डरमैन गणेश फोटवानी, मनोज महंत हरीश शर्मा, वरुण शर्मा, विजय साहू, रवि शर्मा तथा वार्ड वासियों की उपस्थिति रही।

